## सार-समाचार

### विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**देवगढ़,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा मनीष कुमार वैष्णव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजसमंद के निर्देशानुसार दिनांक 17 जुलाई 2023 को विश्व न्याय दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शांतिलाल जैन प्रो बोनो अधिवक्ता द्वारा न्यायालय परिसर देवगढ़ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा महिलाओं, वृद्धजनों एवं बच्चों के कल्याण के लिए संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक मयंक राजपूत द्वारा विधिक सेवा कार्यक्रमों, लोक अदालत, मध्यस्थता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, स्थाई लोक अदालत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित पंपलेट का वितरण कर आमजन को जानकारी प्रदान की गई तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रो बोनो अधिवक्ता द्वारा आमजन को धूम्रपान निषेध अधिनियम बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

### सेवा दल अध्यक्ष का अभिनन्दन

**उदयपुर,**(कासं)। कांग्रेस सेवादल की ओर से उदयपुर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष पद पर डॉ.शैलेंद्र औदिच्य को मनोनीत किया है। डॉ. शेलेन्द्र के नाम की घोषणा होने के बाद सेवादल कार्यकर्ताओं में उत्साह व्याप्त है , डॉ. औदिच्य का इस मौके पर चैतक सर्कल पर अभिनन्दन किया गया। कांग्रेस सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल नागर के नेतृत्व में हुए अभिनन्दन कार्यक्रम में विधानसभा उदयपुर शहर अध्यक्ष सोहनसिंह सिसोदिया सेवादल यंग ब्रिगेड अध्यक्ष हितेश साहू का भी सम्मान किया गया। नागर ने बताया कि शिवसिंह सिसोदिया को सलूम्बर अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसको लेकर भी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है । इधर सलुम्बर अध्यक्ष सिसोदिया ने सीडब्ल्यूसी मेम्बर रघुवीर मीणा से मुलाकात की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष सोमेश्वर मीणा अजयसिंह पूर्व पीसीसी सदस्य सुरेश श्रीमाली, सहवर्त पार्षद रविंद्र पाल सिंह कप्पू, चमनसिंह चौहान, विक्रम सालवी, विकास कछारा, पुष्पेन्द्र शर्मा, आदि मौजूद थे ।

### नकदी व मोबाईल लूटा

**उदयपुर,**(कासं)।शहर के प्रतापनगर थानाक्षैत्र में बाइक सवार बदमाश पीडित को धमका कर नकदी व मोबाईल लूट ले गए। शहर के पुरोहितों की मादडी प्रतापगर निवासी चन्द्रकान्त कुशवाहा पुत्र मृगृनाथ भगत ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 13 जुलाई तडके मैं जयपुर से आया था। जहां ट्रेन से उतर कर पैदल पैदल घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते एपसीआई गोदाम के समीप तीन बाइक पर सवार आठ नो बदमाश ने मुझे रोका तााि धमका कर जेब से 4 हजार रूपये नकदी व मोबाईल छिन ले गए।

### कुक ने लगाई फांसी

**उदयपुर,**(कासं)।अज्ञात कारणों के चलते कुक ने होटल में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को शहर के हिरणमगरी थानाक्षैत्र रिको कलडवास में स्थित होटल चांदनी पैलेस में होटल कुक चणावदा परसाद निवासी लोकेश पुत्र मोहनलाल मीणा ने फांसी लगा ली। इसकी सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल बाबूलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। लोकेश होटल में कुक का काम करता था एवं वहीं पर रहता था। शुक्रवार को वह कमरें में सोया था। सांय काम पर नहीं होने पर साथी कर्मचारियों ने आवाज लगाई । लेकिन जवाब नहीं मिलने पर अंदर देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। आत्महत्या करने के कारणें का पता नहीं चल पाया।

### भूखण्ड बेच कर नकदी हडपी

**उदयपुर,**(कासं)। भूखण्ड बेचने का झांसा देकर पीडित से नकदी हडपने वाले आरोपी व साथियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीडित अशोक करणपुरिया पुत्र प्यारेलाल निवासी अश्विनी बाजार ने आरोपी बाबूलालन डांगी पुत्र चौखा निवासी भैसडा कला, भेरूलाल निवासी सांगवा तथा हिरालाल पुत्र गणेशलाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि वर्ष 2015 में आरोपी से जमीन खरीदने का सौदा 8 लाख 51 हजार में तय हुआ । तीन लाख रूपये नकर देकर निर्धारित समय पर रजिस्ट्री कराने का एठिमेंट किया। इस दौरान आरोपी झांसा देकर सभी रूपये ले गया ।

# अवैध शराब से भरा कंटेनर जब्त, चालक गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा थाना पुलिस ने अवैध तस्करी के खिलाफ बडी कार्रवाई की है। पुलिस ने राजस्थान–गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर अवैध शराब से भरा एक कंटेनर जब्त किया है और ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कंटेनर से 30 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है। आरोपी कंटेनर चालक ने हरियाणा के रोहतक से शराब भरकर गुजरात में तस्करी करना बताया है। फिलहाल पुलिस आरोपी ड्राइवर से पूछताछ कर रही है।

थानाधिकारी मदनलाल खटीक ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के निर्देश पर अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ अभियान चला रखा है। शनिवार सुबह मुखबीर के जरिए सूचना मिली थी कि एक कंटेनर में अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि मुखबीर की सूचना के बाद रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान आए एक कंटेनर को रोकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने कंटेनर की रफ्तार बढा दी। हालांकि पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कंटेनर को रोक लिया। पुलिस टीम ने कंटेनर ड्राइवर से कंटेनर में भरे माल के बारे में पूछताछ की तो उसने संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। थानाधिकारी ने बताया कि शक होने पर कंटेनर की सील तोडकर तलाशी ली गई। कंटेनर में पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रांड के 377 कार्टन मिले। इस पर ड्राइवर को हिरासत में लेकर कंटेनर को जब्त कर लिया। पकडी गई शराब की कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई जा रही है। एक्साइज एक्ट में मामला दर्ज कर कंटेनर ड्राइवर हरियाणा के महेम निवासी भगवान पुत्र होशियारा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ड्राइवर ने पूछताछ में रोहतक हरियाणा से शराब भरकर गुजरात ले जाना बताया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।



बिछीवाड़ा पुलिस ने अवैध शराब से भरा कंटेनर जब्त कर एक गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### इल्युमिनाती 2023 फैशन शो आज



**उदयपुर,** (कासं)। लेकसिटी का सबसे बडा फैशन शो इल्युमिनाती–रविवार को सुखाडिया विवि के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित होगा। साईं तिरूपती यूनिवर्सिटी के वैंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड मास कम्युनिकेशन (वीआईएफटी) की ओर से होने वाले इस फैशन शो में देश की बडी–बडी मॉडल्स रेम्प वॉक करते हुए दिखाई देंगी। इल्युमिनाती में स्थानीय मॉडल्स को भी अवसर दिया जाएगा। होटल कनेर बाग में आयोजित प्रेसवार्ता में संघ चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने बताया कि वीआईएफटी की ओर से हर साल इल्युमिनाती फैशन शो का आयोजन किया जाता है। अभी तक हुए फैशन शो में 400 से ज्यादा मॉडल्स रेम्प वॉक कर चुकी हैं। इस साल इल्युमिनाती फैशन शो रविवार को होगा। शो के लिए मुम्बई से नामी मॉडल्स उदयपुर आ रही हैं। शो में मशहूर मॉडल्स के साथ स्थानीय प्रतिभाओं को रेम्प पर वॉक करने का अवसर मिलेगा। वीआईएफटी की निदेशक डॉ. रिमझिम गुप्ता एवं प्रिंसिपल विप्रा सुखवाल ने बताया कि इस बार इल्युमिनाती 2023 फैशन शो की थीम इजिप्ट, मुगल, ग्रीक, राजपूताना और विक्टोरियन होगी। शो में टीवी एक्टर, लेक्मे एंड विल्स टॉपर मॉडल, मिस इंडिया, लेक्मे पूल मॉडल सहित देश विदेश में अपने जलवे बिखेर चुके फैशन जगत और भारत के टॉप मॉडल्स रैंप पर केटवॉक करते दिखेंगे। शो की थीम को फैशन और टैक्सटाइल के विद्यार्थियों ने वीआईएफटी की डायरेक्टर शीतल अग्रवाल के निर्देशन में तैयार किया है।

### देहदान इच्छा को पुत्र ने किया पूरा

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर में सेक्टर– 14 निवासी स्वर्गीय श्रीमती ललिता पुरी गत 8 वर्षो से लीवर व हार्ट की बीमारी से झूझ रही थी, अभी हाल ही उनका देहान्त हो गया। उनके पुत्र विकास पुरी ने बताया कि पिछले 5 वर्षो से जब भी उनकी माता की तबियत ज्यादा खराब होती और हॉस्पिटल ले जाना पडता था तब हमेशा उन्होंने यही कहा कि उनके देहांत के पश्चात् उनके पार्थिव शरीर का देहदान कर दिया जाए और यही उनकी अंतिम इच्छा भी थी। उनकी 75 वर्षीय माता का मानना था कि जीते जी तो सब काम आ जाते हैं परन्तु यदि मरने के बाद भी देह काम आ सके और जिससे भावी डॉक्टर्स अनुसन्धान कर सकें और समाज को अच्छे डॉक्टर मिले इसके लिए ये सोच रखना बहुत आवश्यक है । एनाटोमी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रकाश के.जी ने बताया कि स्वर्गीय ललिता पुरी ने देहदान की इच्छा को उनके पुत्र द्वारा पूरा किया गया।

### कुलपति के नाम ज्ञापन दिया

**उदयपुर,**। विद्यार्थी परिषद् ने शनिवार को मोहनलाल सुखाडयि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के बाहर प्रदर्शन करते हुए अपनी 13 सूत्रीय मांगो को लेकर एक मांग पत्र कुलपति और रजिस्ट्रार के नाम सौंप शनिवार को मोहनलाल सुखाडिया विविके संगठक कॉलेजों की विभिन्न समस्याओं व छात्रों की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 13 सूत्रीय मांग पत्र विवि प्रशासन को सौंपा और जल्द से जल्द मांगों को पूरा करने की बात कही। इस दौरान छात्र नेता रैली के रूप में प्रशासनिक भवन पहुंचे और चैनल गेट पर चढकर नारेबाजी की। ज्ञापन में साइंस एवं कॉमर्स कॉलेज के मध्य एक स्थाई हेल्पडेस्क लगाने, एकेडमिक सत्र 2023–24 सुचारू रूप से समय पर आरम्भ करने , परीक्षा परिणामों में हो रही गडबडियों की कमेटी बिठाकर जांच कराने, विवि परिसर में स्वच्छता के लिए जगह जगह कचरा पात्र लगवाने, कैंपस एवं कैंपस के बाहर कैमरों से निगरानी रखने , बाहर से आने वाले छात्रों के लिए 24 घंटे सेंट्रल लाइब्रेरी खोलने की मांग की गई ।

# सेवा सुशासन और गरीब कल्याण जनचेतना कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर द्वारा उदयपुर जिले की मावली पंचायत समिति की साकरिया खेडी ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुखवाडा परिसर में सरपंच प्रतिनिधी एवं पूर्व सरपंच कुलदीप सिंह चुण्डावत की अध्यक्षता में एवं मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी प्रमोद सुथार के मुख्य आतिथ्य में एवं राउमा विधालय साकरिया खेडा के प्रधानाचार्य हिम्मत सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग मावली की महिला पर्यवेक्षक, रंजनी झाला, राउप्रा०विधालय के सुखवाडा के प्रधानाध्यापक राजबीर सिंह के आतिथ्य में केंद्र सरकार के 9 वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण एवं उपलब्धियों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।



केन्द्र सरकार के नौ वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण जनचेतना कार्यक्रम आयोजित किया।

मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए ब्लाक मुख्य शिक्षा अधिकारी मावली, प्रमोद सुथार नें कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी इस मंच के जरीए लेकर इन योजनाओं का पूरा पूरा लाभ उठानें पर बल दिया। विशेष तौर पर शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि हर घर से कोई भी शिक्षा से वंचित न रहें। उन्होनें केंद्र सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सरकार चल कर आपके द्वार आई है और आप लोग इन योजनाओं की जानकारी लेकर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।अध्यक्षता करते हुए ग्राम पंचायत साकरिया खेडी के सरपंच प्रतिनिधी एवं पूर्व सरपंच कुलदीप सिंह नें कहा कि केन्द्र सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल के दौरान कई जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन के लिए संचालित किया गया परन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में रहनें वाले ग्रामीण जनों को जानकारी के अभाव में इन योजनाओं का लाभ लेनें से वंचित रह जाते हैं। चुण्डावत नें कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी जिसमें केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को दर्शाया गया है आप लोग अच्छी तरह से इस प्रदर्शनी का अवलोकन करें और मन में कोई शंका हो तो मंच से मार्गदर्शन प्राप्त कर उसका लाभ उठाएं।

### शिक्षक ने छात्र को पीटा

**उदयपुर,**15 जुलाई। जिले के एक सरकारी स्कूल में पानी की टंकी का नल खुला छोड देने और स्कूल में तोड फोड करने जैसे आरोप लगाते हुए एक अध्यापक द्वारा अन्य स्कूल के छात्र के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर शहर के समीपवर्ती लोयरा गांव में शनिवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय राती तलाई के शिक्षक दीपक सिंह ने मुकेश गमेती पर स्कूल की पानी की टंकी का नल खुला छोडने और स्कूल में तोडफोड करने जैसे आरोप लगाते हुए आठ साल के मासूम के साथ मारपीट कर दी । यही नहीं मासूम को शिक्षक स्कूटी के पर बिठा बच्चे के घर लेकर गया और मुकेश की मां के सामने ही बच्चे को और धमकाया ।

मुकेश गमेती की मां ने बताया कि मुकेश सिर्फ घर के पास स्कूल होने के चलते खेलने जाता है । ग्रामीणों ने शिक्षक पर पूर्व में भी एक छात्र के साथ मारपीट करने जैसे गंभीर आरोप लगाए ।

### रैली निकाली

**बांसवाडा।** घाटोल उपखण्ड के राउमावि अमरथुन में शनिवार को नो बैग डे पर विभिन्न गतिविधियां स्वीप कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रतियोगिता, जन जागरण रैली, तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव पर निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, डायल फ्यूचर कार्यक्रम के अन्तर्गत करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए।


**आम-सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन मूल्यांकन प्राधिकरण, राजस्थान के पत्र क्रमांक -F1(4)/ SEIAA/SEAC - Raj/ Sectt/ Project/Cat.B1 (22922) /2022-23 जयपुर दिनांक 07/07/2023 के अनुसार श्री समीप चौधरी पता-निवासी-65, स्टेशन रोड़ नीमच ,जिला-नीमच के पक्ष में खनिजरेड ऑकरक्षैत्रफल 3.5037 हैक्टयरनिकट राजस्व ग्राम जलोदिया केलुखेडा, तहसील छोटी सादडी व जिला प्रतापगढ़ (राज) में स्थित एम.एल.नं.05/2020, खसरा नं.476 कि उत्पादन क्षमता 1,39,887 TPA (ROM) (कलस्टर क्षैत्रफल 29.483 हैक्टरवक्लस्टर उत्पादन क्षमता 14,93,420TPA) मेंखनन हेतु पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है। पर्यावरण स्वीकृति की प्रति SEIAA, Jaipur राजस्थान तथाप्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं बोर्ड की वेबसाईटwww.rspcb.nic.in पर देखी जासकती है।

समीप चौधरी


# धोखे से मकान बेचने का मामला

**उदयपुर।** शहर के सविना थाना पुलिस ने आरोपी महिला व अन्य के खिलाफ धोखे से मकान बेचने का मामला दर्ज किया। माया पुत्र हरिशचन्द्र सुथार निवासी भैसडा कला ने आरोपी विद्या गोस्वामी पुत्री औंकारपुरी के खिलफ प्रकरण दर्ज करवाया कि आरोपी का मकान 27 लाख रूपये में खरीदा था एवं रजिस्ट्री करवा दी। उक्त मकान पर ऋण दस लाख रूपये का ऋण बकाया था। इसकी जानकारी आरोपी ने नहीं दी। इसके चलते ऋण 16 लाख होने से बैंक ने मकान को सीज कर दिया।

### सामान चोरी

**उदयपुर।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में स्थित कार्यालय का ताला तोड़ कर चोर सामान व चौकीदार का मोबाईल चुरा ले गए। पीडित रामगोपाल पुत्र जगदीश प्रसाद जांगीड निवासी महादेव काम्पलैक्स शौभागपुरा सुखेर हॉल भोईयों की पंचोली धुणीमाता रोड़ प्रतापनगर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

# नवप्रवेशित छात्राध्यापकों का दीक्षारंभ समारोह आयोजित

**उदयपुर,** 15 जुलाई।जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के बीएड बाल विकास के नवप्रवेशित छात्राध्यापकों के लिए आयोजित दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. अमी राठौड़, डा. बलिदान जैन, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. रचना राठौड़ ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।




नवप्रवेशित छात्राध्यापकों के दीक्षारंभ समारोह को प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ( बाएं ) ने संबोधित किया।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन मूल्यों को आत्मसात कर जीवन में आगे बढेगे तो कभी असफल नहीं होंगे, हम कितना भी तकनीक का उपयोग कर लेकिन हमारे सनातन मूल्य कभी बदल नहीं सकते और यही हमारी पहचान है। उन्होने विधार्थियों का आव्हान किया कि अपने समय का सद्उपयोग करे, सभी को 24 घंटे का समय दिया है हमें टाईममैनेजमेंट कर आगे बढना है। हर कार्य को समय पर पूरा करना है। हमें क्वालिटी एज्यूकेशन प्राप्त करनी है। सफलता का आश्य जीवन में धन, यश और भौतिक सुख प्राप्त करना ही नहीं, हमें उस मुकाम पर पहुंचना है जहॉ मानवजाती की कुछ सेवा कर सके और देश निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण का जिम्मा शिक्षकों पर है, शिक्षक ही विधार्थी को संवारने कार्य करता है, वह जैसा चाहे वह उसे गढ सकता है। उन्होने कहा कि स्कील के बिना शिक्षा अधूरी है इसलिए जीवन में किसी एक क्षेत्र में अपनी पहचान अवश्य ही बनाये और अपने जीवन मूल्यों से कभी समझौता नहीं करे। सफलता के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण जरूरी है। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. सरोज गर्ग ने विधार्थियों का आव्हान किया कि अकादमिक क्षेत्र का कार्य पूरा कर व्यवसायिक शिक्षा की ओर कदम रख रहे है।

### सभापति ने सुनी समस्याएं

**डूंगरपुर।** स्थानीय पेंशनर समाज भवन में पेंशनरों की बैठक में सभापति अमृत कलासुआ द्वारा नगर से सम्बंधित समस्याएं सुनकर समाधान करने आश्वस्त किया गया। संरक्षक नानूराम माली ने पेंशनर भवन के सामने सडक लीक होने से पानी की बर्बादी एवं जज साहब के दरवाजे की मरम्मत करने का सुझाव रखा। विश्वकृष्ण द्विवेदी ने उनके घर के पास नाली के ओवरफ्लों होने व चौक में बेतरतीब वाहनों के जमावडे की शिकायत दर्ज कराई। विनय शर्मा ने सीवर लाइन की खुदाई से निकली मिट्टी को सुव्यवस्थित करने का आग्रह किया।

### शिक्षा बचाओ पदयात्रा का आयोजन

**मावली।** प्रदेशव्यापी आव्हान के तहत राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा मावली अ द्वारा 15 जुलाई 2023 शनिवार को दोपहर 2 बजे से मावली मुख्यालय पर शिक्षा बचाओ पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा का शुभारंभ श्रीसत्यनारायण मंदिर मावली से हुआ। पदयात्रा मुख्य बाजार, मैन चौराया होते हुए उपखंड कार्यालय के सामने समापन हुआ। संगठन के 11 सूत्री मॉंग पत्र में शामिल समस्याओं शिक्षकों को सहित गैर शैक्षिणक कार्यो से मुक्ति, सभी कैडर की समय पर पदोन्नित, 3 ठोड शिक्षकों के ट्रांसफर एवं नई घोषित में के एकाउंट नंबर जारी करवाना सहित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धित नारों लिखी तख्तियों के साथ शिक्षक नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। चरणबद्ध आंदोलन के बावजूद भी शिक्षक समस्याओं का समाधान नही होने से अगले चरण के रूप में पदयात्रा निकालनी पड़ी। पदयात्रा का उद्देश्य शिक्षक समस्याओं के प्रति जनसामान्य को जागृत कर सरकार को कुम्भकर्णी नींद से जगाना है। पदयात्रा के समापन पर वक्ताओं ने शिक्षक समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार को आड़े हाथों लिया। पदयात्रा में समन्वयक वंदना शर्मा, पर्यवेक्षक जिला उपाध्यक्ष (माध्यमिक) शंकरलाल जाट लदाना, जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा,सभाध्यक्ष शंकरलाल जाट सालेरा, उपसभाध्यक्ष हिम्मतसिंह राव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभुलाल जाट सहित कई शिक्षकों ने भाग लिया।

### स्कूल से चोरी करने वाला गिरफ्तार

**राजसमंद,**। राजनगर पुलिस ने बडी कार्यवाही करते हुए रा बालिका उमावि राजनगर स्कूल में चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी डॉ हनवंतसिंह ने बताया कि रा बालिका उमावि राजनगर की उपप्रचार्या रेणु वशिष्ठ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 जुलाई को विद्यालय परिसर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कमरे का ताला तोडकर अंदर प्रवेश किया जहां कमरे में रखा कुकर, कुर्सी, खुरदी, कढाई, पलटा, तवा व रैंक को चुराकर ले गए थे। उन्होंने बताया कि इसी परिसर से 13 जुलाई को दो लोहे के दरवाजे को भी तोडकर चुरा ले गए हैं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी सुधीर जोशी, एएसपी शिवलाल बैरवा एवं डीएसपी रूद्रप्रकाश शर्मा के निर्देशन में थानाधिकारी डॉ. हनवन्त सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर थाना सर्कल में दबिश दी जाकरर आरोपी रघुवीर यादव उर्फ रघुडिया (28) पिता बहादुर यादव निवासी यादव मौहल्ला राजनगर से पूछताछ की तो अभियुक्त द्वारा धोबी गली स्थित सरकारी विद्यालय से सामान चोरी करना बताया, जिसको गिरफ्तार किया गया।

# के.के. गुप्ता ने राज्यपाल कलराज मिश्र से की शिष्टाचार भेंट

**उदयपुर,** (कासं)। प्रदेश के संवैधानिक प्रमुख राज्यपाल कलराज मिश्र से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भारत सरकार एनएसएससी के सदस्य तथा पूर्व सभापति नगर परिषद डूंगरपुर केके गुप्ता ने शनिवार अपराह्न राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। केके गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में उनके द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भारत सरकार के तहत सभी घटकों पर कार्य किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त न्यायालय झुंझुनू द्वारा उन्हें नगर निकाय झुंझुनूं नगर परिषद और मंडावा व नवलगढ नगरपालिका का न्याय मित्र भी नियुक्त किया गया है। केके गुप्ता ने अवगत कराया है कि उनके न्याय मित्र बनने के पश्चात उक्त तीनों निकायों में स्वच्छ भारत मिशन को एक नई दिशा और गति दी गई है। सर्वप्रथम कचरा संग्रहण के काम में पूर्ण लक्ष्य हासिल करते हुए 100 प्रतिशत घरों से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य मात्र दो महीने के अल्प समय में ही उचित निगरानी और दिशा निर्देशन के तहत संपादित किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर झुंझुनू सहित मंडावा और नवलगढ में जल निकासी को सुगम किया गया और सडकों को अतिक्रमण मुक्त किया गया तथा मुख्य बाजारों की भी सडकों का सुदृढीकरण और अतिक्रमण मुक्त बनाया गया है। शेखावाटी क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक स्थल राणी सती दादी मंदिर को भी मात्र 1 महीने के समय में ही स्वच्छ और सुंदर क्षेत्र बना दिया गया है और लगातार इस पर निगरानी भी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता देश के लगभग 141 करोड लोगों की पहली पसंद है। यह किसी अमीर या गरीब व्यक्ति की नहीं बल्कि, हर व्यक्ति का प्रिय विषय है। यदि हमें स्वच्छता में रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति की इसमें जनसहभागिता आवश्यक है, तभी हमारा देश एक सुंदर और स्वस्थ देश बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के सबसे सुंदर निकाय डूंगरपुर की स्वच्छता और सुंदरता को वे स्वयं निहारना चाहते हैं और शीघ्र ही ऐसा समारोह का आयोजन होता है तो निश्चित रूप से वे डूंगरपुर का भ्रमण और निरीक्षण करेंगे।



के.के. गुप्ता ने राज्यपाल कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंहाड, पंचायत समिति भीण्डर , जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रा.प.सि./2023-24/ई-निविदा/01 दिनांक:12.7.2023

**-: ई निविदा सूचना- 01/2023-24 :-**

ग्राम पंचायत सिंहाड में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 24.07.2023 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No. ZUD2324GLOB00429**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत सिंहाड | ग्राम पंचायत सिंहाड |
| पं.स. भीण्डर | पं.स. भीण्डर |
| जिला-उदयपुर ( राज. ) | जिला-उदयपुर ( राज. ) |

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुण्डई, पंचायत समिति भीण्डर , जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रा.प.कु./2023-24/18 दिनांक:12.7.2023

**-: ई निविदा सूचना- 01/2023-24 :-**

ग्राम पंचायत कुण्डई में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 24.07.2023 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No. ZUD2324GLOB00428**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत कुण्डई | ग्राम पंचायत कुण्डई |
| पं.स. भीण्डर | पं.स. भीण्डर |
| जिला-उदयपुर ( राज. ) | जिला-उदयपुर ( राज. ) |

